卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 101 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦16 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## गणतंत्र दिवस पर आतंकी हमले का अलर्ट

### हमले की आशंका के चलते अलर्ट हुई सुरक्षा एजेंसियां

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस पर दिल्ली और पंजाब समेत देश के कई शहरों में आतंकी हमला हो सकता है। आईबी ने सोमवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और इस्लामिक स्टेट अल कायदा हमला करवा सकता है। 26 जनवरी के मद्देनजर दिल्ली, पंजाब और देश के कई बड़े शहरों में आतंकी हमला हो सकता है। जिसके लिए आईएसआई ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इरबाहिम के गुर्गों की मदद ली है। सुरक्षा एजेंसियों को इस



संबंध में एक गोपनीय रिपोर्ट मिली है। देश में होने वाले जी-20 समिट पर भी इस्लामिक स्टेट अल कायदा की साइबर विंग साइबर स्पेस पर काफी एक्टिव हो चुकी है और सम्मिट के दौरान बड़े साइबर हमले करने की फिराक में है। आईएसआई अपने स्लीपर सेल और रोहिंग्या का इस्तेमाल कर सकती है। 26 जनवरी के मौके पर दिल्ली और पंजाब में आरडीएक्स ब्लास्ट करवा सकती है। यही नही अल कायदा के आतंकी लोन वुल्फ अटैक के भी फिराक में है। प्लान के मुताबिक, अगर 26 जनवरी पर आतंकी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों पर उतरे दिल्ली के सीएम केजरीवाल

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है।सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल पर देश के सुप्रीम कोर्ट को न मानने का आरोप लगाया है। वह शिक्षकों की ट्रेनिंग के मुद्दे को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करने उतर पड़े हैं। उन्होंने कहा कि एलजी शिक्षकों को फिनलैंड जाने से रोक रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने एलजी पर दिल्ली में योग




कक्षाओं पर रोक लगाने का आरोप लगाया है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को तानाशाही नहीं बल्कि संविधान और जनतंत्र चाहिए। जनता के हक के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का आदेश दिखाते हुए कहा, दिल्ली की चुनी हुई सरकार, दिल्ली के लोगों का टैक्स, दिल्ली के बच्चों की शिक्षा... तो फिर एलजी साहब को क्या प्राब्लम है? गरीबों के बच्चों को भी अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले। हम सरकारी शिक्षकों को फिनलैंड ट्रेनिंग के लिए भेज रहे हैं।ष वहीं, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एलजी को शिक्षकों को ट्रेनिंग में जाने से रोकने का हक नहीं है।

## पेपर लीक मामले में जल्द हो सकती है कुछ और गिरफ्तारियां

देहरादून (उद संवाददाता)।पटवारी भर्ती पेपर लीक में 35 सवालों के पेपर में आने की बात एसटीएफ ने पकड़ी थी, जिसके बाद अब एसआईटी इसकी विस्तार से जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, इन सवालों की संख्या और बढ़ सकती है। दरअसल, आयोग के अति गोपन विभाग के अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने 380 सवालों को बाहर भेजा था।शुरुआती जांच में एसटीएफ ने पाया था कि जो पेपर प्रकाशित हुआ, उनमें से करीब 35 सवाल आए थे। इसी आधार पर आयोग ने परीक्षा रद्द कर दी थी। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे सवालों की संख्या और बढ़ सकती है। अब एसआईटी की टीम सभी 380 सवालों का आयोग के पेपरों से मिलान कर रही है। इनमें से कुछ सवाल ऐसे हैं जो एसटीएफ और एसआईटी को हूबहू दिखे हैं। आगामी एक सप्ताह में इसकी स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। वैसे तो प्राथमिक तौर पर हुई जांच में एसटीएफ ने सात लोगों के खिलाफ पेपर लीक का मुकदमा दर्ज कराया है, लेकिन अभी शामिल लोगों की संख्या बढ़ सकती है। एसआईटी ने सोमवार से त्वरित गति से पेपर लीक प्रकरण की जांच आगे बढ़ा दी है। बताया जा रहा कि पेपर लीक में शामिल रहे लोगों, उम्मीदवारों की संख्या बढ़ सकती है। कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## बिहार के शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

रूद्रपुर। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर द्वारा रामचरित मानस पर की गयी अशोभनीय टिप्पणी से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भड़क उठे उन्होंने विरोध प्रदर्शन के बीच बिहार के शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। मंत्री के खिलाफ थाने में तहरीर भी दी गयी। बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर की अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ दर्जनों कार्यकर्ता सोमवार को डीडी चौक पर एकत्र हुए। उन्होंने मंत्री चन्द्रशेखर के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला आग के हवाले किया। शिक्षा मंत्री के खिलाफ थाने में तहरीर दी गयी। विहिप कार्यकर्ताओं का कहना था कि बिहार के शिक्षा मंत्री ने हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ श्री राम चरित मानस पर



अशोभनीय बयान हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचायी है। उनके इस बयान से हिंदू समाज में आक्रोश है। विहिप कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। पुतला फूंकने वालों में जिला धर्म प्रसार प्रमुख कुंवर विष्पेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह नेगी,संतोष दिवाकर, रमाकांत, सुल्तान सिंह,वीरेन्द्र सिंह,जोगेन्द्र चौहान, डम्पी चौहान,सुधीर देवल,अंकित सिंह थे।

## सट्टे की खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान एक सट्टेबाज को खाईबाड़ी करते नगदी व सट्टा पर्चियों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल अमित जोशी व महेन्द्र कुमार क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर वह सोनिया होटल के सामने पुलिया के पास पहुचे जहां एक व्यक्ति खाईबाड़ी करता दिखाई दिया। पुलिस को देख वहां खड़े लोग भागने लगे। पुलिस ने सट्टेबाज को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सागर कुमार पुत्र शंकर लाल निवासी रम्पुरा गुरुद्वारे के पास (शेष पृष्ठ सात पर)

## ओटीपी बताते ही खाते से निकल गये डेढ़ लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड चालू कराने के नाम पर पूछे गये ओटीपी नम्बर को बताते ही खाताधारक के खाते से 149500 रूपये निकल गये। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र रामसकल वर्मा निवासी ग्राम बद्यांव, पोस्ट सहतवार थाना सहसवार जनपद बलिया ने कहा है कि वह सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में मशीन आपरेटर का कार्य करता है। उसके सैलरी एकाउण्ट के लिए 26नवम्बर 2022 को क्रेडिट कार्ड आवंटित हुआ था। जिसकी लिमिटेड 50 हजार थी। 23 दिसम्बर 2022 को उसके मोबाइल पर एक कॉल आयी जिसने अपना नाम राहुल अग्निहोत्री व आईसीआईसीआई बैक मुम्बई ब्रांच का मैनेजर बताकर क्रेडिट कार्ड को चालू कर लेने को कहा। साथ ही चालू नही करने पर 1500 रूपये का चार्ज कटने के अतिरिक्त क्रेडिट कार्ड को लिमिट बढाने की भी बात कही। अरविंद का कहना है उसके हाँ कहने पर उसके मोबाइल पर एक ओटीपी आया। उसके द्वारा उस ओटीपी को राहुल अग्निहोत्री को बताते ही उसके एकाउण्ट से 99,500 रूपये व क्रेडिट कार्ड की लिमिट (शेष पृष्ठ सात पर)

### चिकित्सक से आनलाईन 67500 रूपये ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वयं को पतंजलि का प्रतिनिधि बताकर अज्ञात व्यक्ति ने नगर के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक से आनलाईन 67500 रूपये की ठगी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में डा. अभिषेक गुप्ता सिद्धि विनायक अस्पताल आवास विकास,ने कहा है कि 30 दिसम्बर 2022 को वाट्सअप के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुद को पतंजलि का प्रतिनिधि बताकर उनकी पत्नी के इलाज हेतु आवश्यक प्रपत्र मांग गये। जिन्हे वाट्सअप पर उपलब्ध दिये गये। इसके उपरान्त उसके द्वारा 67500 रूपये की मांग की गई तथा बैंक खाता बताकर उसमें धनराशि को जमा करने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिपाही पति पर महिला पुलिस कर्मी ने लगाया मारपीट का आरोप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक बार फिर हल्द्वानी की मित्र पुलिस चर्चाओं में है। इस बार महिला सिपाही ने अपने सिपाही पति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसके बाद समूचे पुलिस प्रशासन में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इससे पहले भी पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं से अभद्रता किया जाने के कई मामले आये है लेकिन यह पहली बार है जब एक महिला सिपाही ने अपने पुलिस कॉन्स्टेबल पति पर मारपीट का आरोप लगाया है। दोनों ही उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत है। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी कोतवाली में तैनात महिला सिपाही ने अपने पुलिस कॉन्स्टेबल पति के खिलाफ काठगोदाम थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2010 में उसकी शादी बनभूलपुरा थाने में तैनात सुरेंद्र सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से लगातार वह उसके साथ मारपीट कर रहा है। महिला सिपाही के दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि पति बच्चों को भी मारता पीटता है। महिला सिपाही का आरोप है कि वर्ष 2021 में उसके पुलिस कांस्टेबल पति ने जहर देकर उसे व बच्चों को मारने की कोशिश की, जिसके चलते वह पैरालाइज हो गई है। उसका पति और सास उसके साथ लगातार मारपीट करते हैं। पुलिस कॉन्स्टेबल के खिलाफ पहले भी शिकायतें मिली थी। जिसके बाद उसे सस्पेंड किया गया था।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



श्रीमती गीता मिश्रा पत्नी स्व. यशवंत मिश्रा जी किसान सेवा सहकारी समिति नारायणपुर की संचालक, पूर्व आत्मा परियोजना अध्यक्ष (14.04.1966-07.01.2023)

"हरि इच्छा बलवती", मान्यवर, अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माता **श्रीमती गीता मिश्रा** धर्मपत्नी स्व. श्री यशवन्त मिश्रा जी का **आकस्मिक स्वर्गवास 7 जनवरी 2023** को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **ब्रह्मभोज दि. 18.01.2023, बुधवार** को दिन में 1.30 बजे हमारे निवास स्थान **ग्राम व पो. प्रतापपुर, तहसील-किच्छा** पर होगा। स्वर्गवासी आत्मा की शांति हेतु आयोजित कार्यक्रम में पधारने की कृपा करें।

**शोकाकुल परिवार:**
श्रीमती सावित्री देवी मिश्रा (सास)
एवं समस्त मिश्रा परिवार

**दुःखित हृदय सहित:**
विपिन मिश्रा (पुत्र), मो. 9899620615
नितिन मिश्रा (पुत्र),
मो. 9719371177, 9412946222

## स्क्रैप कारोबारी से पद्मावत एक्सप्रेस में जमकर मारपीट

### आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही ना होने से जमीयत उलामा हिंद मे आक्रोश

काशीपुर(उद संवाददाता)। पद्मावत एक्सप्रेस में स्क्रैप कारोबारी आसिम हुसैन के साथ हुई मारपीट की घटना को जमीयत उलामा हिंद के सेक्रेटरी ने गलत करार दिया। उन्होंने कहा कि एक और जहां मुल्क में भय न पैदा किए जाने का डंका पीटा जा रहा है वहीं दूसरी ओर सांप्रदायिक तनातनी की ऐसी तस्वीर बेहद भयावह है। ज्ञातव्य है कि बीते दिनों मुरादाबाद के थाना कटघर पीरजादा निवासी मुस्लिम स्क्रैप कारोबारी आसिम हुसैन के साथ पद्मावत एक्सप्रेस ट्रेन में जमकर मारपीट हुई।



मारपीट की घटना में स्क्रैप कारोबारी को गंभीर चोटें आई। घटना की जमीयत उलामा हिंद की यूनिट काशीपुर ने कड़ी निंदा की है, साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से घटना को गंभीरता से लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। जमीयत उलामा हिंद काशीपुर के दफ्तर काजीबाग स्थित काशीफूल उलूम इंटरनेशनल एकेडमी में आहूत बैठक में नवनियुक्त जनरल सेक्रेटरी अली अनवर ने चलती ट्रेन में हुई घटना को अफसोसजनक बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना हिंदुस्तान के संविधान के खिलाफ है। एक तरफ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कह रहे हैं कि मुल्क में भय का माहौल पैदा न किया जाए वहीं दूसरी ओर चलती ट्रेन में स्क्रैप कारोबारी की बेरहमी से पिटाई किए जाने के मामले (शेष पृष्ठ 7 पर)





# सीएम धामी ने चंपावत में किया 19 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

चंपावत। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हरेला क्लब, टनकपुर द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिग मेले का शुभारंभ करते हुए जनपद चंपावत के विकास हेतु कुल 87.28 करोड़ रुपये की 19 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया तथा कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा टनकपुर व बनबसा क्षेत्र के आंतरिक मार्गों का हॉटमिक्स के द्वारा सुधारीकरण किए जाने, राज्य मार्ग संख्या 109 सुखीढांग धुरा रीठासाहिब के ब्रजनगर तालियाबांज प्रभाग पर हॉटमिक्स के द्वारा रोड का सुधारीकरण किए जाने की घोषणा की गई। चम्पावत विधानसभा के आंतरिक सम्पर्क मार्गों, राज्य प्रभाग संख्या 110 सुखीढांग श्यामलाताल मार्ग पर एवं ललुवापानी बनलेख प्रस्तावित राज्यमार्ग का हॉटमिक्स के द्वारा सुधारीकरण किए जाने एवं टनकपुर गाँधी मैदान में कम्युनिटी हॉल का निर्माण करवाए जाने की घोषणा की गई। मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को उत्तरायणी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। आज के दिन भगवान सूर्य के उत्तरायण में आने से एक बेहतर शुरूआत होती है। हमें जीवन में उत्साह एवं शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आज हमारे सभी धार्मिक स्थल विकास की ओर अग्रसर हैं। केदारनाथ, बद्रीनाथ का मास्टर प्लान तैयार कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्वदेश दर्शन में चम्पावत जिले के मां वाराही, मां पूर्णागिरि धाम आदि धार्मिक स्थानों को विकसित करने का प्रस्ताव भारत सरकार में भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य धन की वजह से नहीं रूकेंगे। चंपावत को मॉडल जिला बनाए जाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और सरकार के सभी विभागों को इस काम में लगाया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के विकास हेतु बेहतर योजनाएं बनाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष वन विकास निगम कैलाश गहतोड़ी, पालिकाध्यक्ष विपिन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी सहित अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे।



# महान समागम एवं पैदल यात्रा 22 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाबा दीप सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर इंद्र कालोनी गली नंबर पांच स्थित गुरुद्वारा माता गुजरी जी में धन धन बाबा दीप सिंह जी सेवा ट्रस्ट द्वारा महान समागम एवं पैदल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गुरु पंथ के दास प्रीतम सिंह चावला ने बताया कि आगामी 22 जनवरी दिन रविवार को प्रात: 6 बजे पैदल यात्रा गुरुद्वारा माता गुजरी जी से गुरुद्वारा दीप सिंह जी पशियापुर को प्रस्थान करेगी। 24 जनवरी को प्रात: 10 बजे से श्री अखण्ड पाठ साहिब जी का आरंभ किया जाएगा जिसका भोग 26 जनवरी को प्रात: 10 बजे होगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को गुरुद्वारा में महान समागम आयोजित होगा। जिसमें प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धार्मिक दीवान सजाए जायेंगे। कीर्तनी जत्था बिलासपुर वाले भाई खजान सिंह जी, कथावाचक करनाल वाले भाई गगनदीप सिंह जी तथा हजूरी हैड ग्रंथी भाई जीवन जोत सिंह जी गुरु की महिमा कर संगत को निहाल करेंगे। धन धन बाबा दीप सिंह जी सेवा ट्रस्ट ने सभी संगत से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में पधार कर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की है।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# चाइल्ड लाइन ने उत्तर प्रदेश की बच्ची को परिजनों से मिलवाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कुमाऊं सेवा समिति चाइल्डलाइन द्वारा नाबालिग 16 वर्षीय बालिका को बाल कल्याण समिति के द्वारा उसके परिजनों से मिलवाया गया। जानकारी के अनुसार12 जनवरी को ट्रांजिट कैंप पुलिस द्वारा बालिका को बाल कल्याण समिति के द्वारा समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिति सदस्या पुष्पा पानू ने बालिका की काउंसलिंग कर आश्रय हेतु चाइल्ड लाइन कार्यालय में रखा। साथ ही बाल कल्याण समिति मेंबर पुष्पा पानू व चाइल्ड लाइन उधम सिंह नगर टीम द्वारा लगातार बालिका के परिजनों , ग्राम प्रधान से संपर्क कर अथक प्रयास किए गए। चाइल्ड लाइन टीम ने बालिका से बात कर जानकारी ली। जिस पर बालिका द्वारा अपना पता निहालपुर जिला गाजीपुर बताया गया। चाइल्ड लाइन टीम के द्वारा से गाजीपुर चाइल्ड लाइन, निहालपुर ग्राम प्रधान, बालिका के परिजनों से संपर्क किया गया। जिसके पश्चात चाइल्ड लाइन द्वारा बालिका के परिजनों को 15 जनवरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहा समिति अध्यक्ष व सदस्य के द्वारा बालिका व उसकी मां की काउंसलिंग कर समस्त दस्तावेजों का सत्यापन कर बालिका को उसकी मां के सुपुर्द किया गया। साथ ही बालिका की मां से बालिका के साथ दोस्ताना व्यवहार बनने को कहा गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रेम लता सिंह , सदस्य पुष्पा पानू , अजय जोशी , हरनीत कौर, विवेक तागरा , चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो, टीम मेम्बर नंदिनी वर्मा ,अंशुल कपूर आदि मौजूद रहे।



# कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ करें डटकर मुकाबला : सुमित्तर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस जनपद नैनीताल की पहली बैठक स्वराज आश्रम में आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने आगामी चुनावों को देखते रूप रेखा बनाने व राज्य सरकार के खिलाफ डटकर मुकाबला करने को कहा। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, मीमांशा आर्या व राजू रावत ने हर बूथ में पांच यूथ तैयार करने पर फोकस करने का आग्रह किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हर्षित भट्ट ने तथा संचालन विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी ने किया। इस मौके हल्द्वानी जिले के प्रभारी राहुल रमन दीप व निशान्त शाही का कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से नैनीताल जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, मीमांसा आर्या, विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी, प्रदेश महासचिव आसिफ अली, रोहित कुमार, राधा आर्या, विधानसभा अध्यक्ष कलादूगी कमल अधिकारी, रितिक आर्या, प्रवीण भट्ट, अरबाज खान, नाजिम आंसारी, मयंक गोस्वामी, सचिन राठौर, करन पांडे, लवदीप सिंह, रहमान चौधरी, शंकर कोहली आदि थे।



# उत्तराखंड में लोक संस्कृति का महान पर्व है उत्तरायणी : हरदा

हल्द्वानी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने उत्तरायणी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लोक संस्कृति और कुमाऊंनी परम्परा का महान पर्व घूगूती पूरे उल्लासके साथ मनायी जा रही है। समाज के सभी वर्गो और युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़े रहना चाहिये। पूर्व सीएम हरदा ने बिंदुखत्ता में आयोजित उत्तरायणी महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उनका महिलाओं ने भव्य स्वागत किया। गत दिवस जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर लोगों से संवाद किया। पूर्व सीएम हरीश रावत व पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने हल्दुचौड़ में आयोजित उत्तरायणी महोत्सव में प्रतिभाग किया। वहीं पंतनगर में उत्तरायणी एवं मकर संक्रांति पर आयोजित उत्तरायणी कौतिग में पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरिश रावत जी के साथ विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रतिनिधि श्री गौरव बेहड़ ने प्रतिभाग किया और सभी को लोक पर्व पर शुभकामनाएं प्रेषित की। रामजी वैडिंग हॉल पश्चिमी खेड़ा गौलापार में आयोजित उत्तरायणी मेले के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग किया। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि उत्तरायणी का महा पर्व है, ये मेरे दिल के उद्गार हैं। सबको उत्तरायणी की बहुत-बहुत बधाई। हमारे घर-गांव में इसको घुघुतिया त्यौहार कहते हैं, विशेष तौर पर कुमाऊं अंचल के लोग इसको घुघुतिया त्यौहार के रूप में मनाते हैं, बचपन में हम अपने गांव के हर दरवाजे पर पैलाग-पैलाग (प्रणाम-प्रणाम) कहने जाते थे और हमको गुड़ की डली दी जाती थी तो गुड़ और घुघुते के इस त्यौहार के दिन आप सबको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



# चित्रशिला घाट पर हुआ जनेऊ संस्कार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मकर संक्रांति के दौरान रानी बाग चित्र शीला घाट पर अनेक लोगों ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच जनेऊ संस्कार कराया। जिसमें जिया रानी की गुफा में भी लोगो ने जाकर दर्शन किए। मुख्य अतिथि के रूप में अजय भट्ट जी ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और इसके बाद कई बच्चों ने स्नान भी वही किया। संस्कार के पश्चात खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।







# बस दुर्घटना पर अजय भट्ट ने जताया दुख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने क्वारब के पास चमरिया में केमू की बस दुर्घटना में महिला की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। साथ ही घायलों के उचित उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल के प्राचार्य से वार्ता कर उनका हालचाल जाना और बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था दिए जाने को कहा है। रविवार दोपहर जैसे ही खैरना चौकी क्षेत्र के क्वारब पर केमू बस दुर्घटना की खबर केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट को मिली तो उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी ली । घायलों के इलाज में कोई कमी न रह जाए इसलिए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अरुण जोशी से दूरभाष पर वार्ता की श्री जोशी ने बताया कि बस दुर्घटना में घायल लोगों के उपचार निशुल्क किया जा रहा है।

आवश्यकता है
शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए शिक्षकों के साक्षात्कार का आयोजन 17.01.2023 से 31.01.2023 तक प्रातः 10बजे से 12बजे तक किया जायेगा।
योग्यता- बीएड, टीईटी,या बीएड,ब्रिजकोर्स।
विषय-अंग्रेजी,विज्ञान,गणित।
सभी प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति,मूल प्रमाण पत्र एवम पासपोर्ट साइज नवीनतम रंगीन फोटो अपने साथ अवश्य लाएं।
संपर्क- 8191029893,7983381968
प्राचार्य जी ग्रीन पब्लिक स्कूल चुकटी देवरिया, किच्छा उधमसिंह नगर

# 930 ग्राम चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस व एसओजी टीम चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को 930 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष काठगोदाम प्रमोद पाठक के नेतृत्व में गठित पुलिस व एसओजी टीम में शामिल उनि मनोज कुमार प्रभारी चौकी खेड़ा थाना काठगोदाम,का. चन्दर सामंत, भानू प्रताप, दिनेश नगरकोटि द्वारा चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर नारायण सिंह चिलवाल पुत्र आन सिंह चिलवाल निवासी ग्राम बड़ोन पोस्ट बड़ोन थाना मुक्तेश्वर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 930 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने उसके विरूद्ध थाना काठगोदाम में मुकदमा दर्ज कर लिया।



शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को
1.रिसेप्शनिष्ट( महिला )-(1),योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट-(1)योग्यता-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. सेल्स एक्जीक्यूटिव- (25), योग्यता-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. मैनेजर- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम(कमीशन के आधार पर)
6. ड्राईवर (1) योग्यता आठवीं पास
बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।
पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रूद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

# वुडलेंड एकेडमी में कवि सम्मेलन आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में ट्रांजिट कैम्प के न्यू वुडलैंड एकेडमी विद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक एवं कांग्रेस प्रदेश मंत्री दिलीप अधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ बाल कवयित्री काव्या श्री जैन की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद बाजपुर से आए शायर तकी बाजपुरी ने अपनी बेहतरीन शायरी से समा बांध दिया। उन्होंने अपनी बात कुछ इस तरह से रखी हो गरीबी गर हिमायत कौन करता है, जेब हो खाली तो इज्जत कौन करता है। इसके बाद हास्य व्यंग्य कवि जयंत शाह ने अपनी प्रस्तुति से सबको खूब गुदगुदाया। उन्होंने हंसाते हंसाते विकास पर कुछ इस तरह से कटाक्ष किया वैसे तू मासूम बहुत है, ज्यादा बोलेगा तो कल के अखबार में छप जाएगा, अबे सरकारी फाइल में पैदा हुआ है, सरकारी फाइल में ही दब जाएगा। बाल कवियत्री काव्या श्री जैन ने काव्य पाठ कुछ इस तरह से किया काव्या नाम है मेरा दिलों पर राज करतीश। डॉ. सुरेंद्र जैन ने स्वदेश व हिंदी प्रेम पर अपनी बात रखते हुए कहा हिन्द के तत्व ओ सत्व को जिन्होंने गाया उस हर युग की रवानी को नमन है। भारत की स्वाधीन धारा जिसकी वाणी में गूँजी ऐसी मेरी प्यारी हिंदी रानी को नमन है। दिल्ली से पधारे मशहूर शायर मोहन मुंतिजर अपने अध्यक्षीय काव्य पाठ में लोगों को खूब आनंदित किया। उन्होंने स्वदेश प्रेम पर अपना गीत सुनाया कि मुझको नहीं जाना उस पार एल, अपना तो हिंदुस्तान बढ़िया। वहां होगी गैरों की सरकार अपना तो हिंदुस्तान बढ़िया।श कवि सम्मेलन में क्षेत्र के समीर राय मलय ने भी अपनी कविताएं सुनाई। कार्यक्रम में नारायण महाजन, प्रदीप साहा, तरुण दत्ता, केशव लाल मौर्य, प्रकाश मंडल, विकास चौहान, उदिता रानी, रूपा राय, उमा शंकर भारती एवम विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद थे।





# ट्रक से कुचलकर मासूम बच्ची की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अनियंत्रत ट्रक ने मासूम बच्ची को रौंद दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद भीड़ ने चालक को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के हलवे किया। जनपथ रोड श्री श्याम कालोनी फुलसुंगा निवासी शेर सिंह रविवार शाम अपनी तीन वर्षीय बेटी तमन्ना को बाईक पर बैठाकर सामान लेने जा रहा था। तीन पानी डैम फुलसुंगा मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बच्ची छिटककर सड़क पर जा गिरी और ट्रक से कुचल जिससे उसकी मौत हो गयी। हादसे में शेर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई की और सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। गुस्साए लोगों ने ट्रक में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



# गैस रिसाव पीड़ितों का जाना हाल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने ट्रांजिट कैंप में कृष्णा कॉलोनी का दौरा कर पिछले दिनों गैस रिसाव से 3 परिवारों में हुए भारी नुकसान का जायजा लिया और पीड़ितों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि दुर्घटना के समय श्रीमती शर्मा गुजरात में थी और उन्होंने वहीं से दूरभाष पर अधिकारियों और पीड़ितों से बात कर दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया था। इधर श्रीमती शर्मा शनिवार को अपने साथियों के साथ कृष्णा नगर कॉलोनी पहुंची और उन्होंने एक के बाद एक तीनों परिवारों से मुलाकात की और दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ितों विशेषकर गैस रिसाव से हुई दुर्घटना के बाद झुलसे घायलों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने दुर्घटना से हुई क्षति का भी जायजा लिया और प्रशासन से अपील की कि वह पीड़ितों को तत्काल आर्थिक मदद उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह राणा, अनिल शर्मा, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, रविंद्र गुप्ता, विपिन रस्तोगी, डॉ सुमित राय, ममता गंगवार, सावित्री सक्सेना, किरण सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# नगदी, पर्ची के साथ सटोरिया दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने गश्त के दौरान एक सटोरिया को हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के निर्देशन में उनि संजीत राठौड,कानि. रिजवान अली, अमनदीप सिंह व लक्ष्मण राम रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सरस्वती विहार गौजाजाली में खाईबाड़ी कर रहे एक सटोरिया को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अरुण कुमार सागर पुत्र स्वर्गीय गंगावासी सागर निवासी गौजाजाली उत्तर स्वामी विहार बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, पैन , गत्ता व नगदी 3500 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने अरुण के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया अरुण पूर्व में कई मामलों में जेल जा चुका है।



# वाहन चालकों को पुष्प देकर किया जागरूक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डॉ गुरुदेव सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत वाहन चालकों को सीट बेल्ट और हेलमेट की उपयोगिता के बारे मे बताया गया। हेलमेट लगाकर वाहन संचालित करने वाले वाहन चालकों को पुष्प देकर प्रोत्साहित किया गया और उसके साथ साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों एवं मार्ग संकेतक विषयक पंपलेट का वितरण किया गया।इस अवसर पर परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार , प्रवर्तन पर्यवेक्षक कैलाश जोशी, विपिन बिनवाल ,महेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# एक शाम बाँके बिहारी के नाम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज के महंत मनीष सलूजा जी के सानिध्य में आयोजित श्री हरिधाम मन्दिर के वार्षिकोत्सव में रविवार रात भजन सन्ध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भजन गायक गोपी शर्मा एवं मास्टर बॉबी ने अपने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में मुख्य अतिथि विधायक देव अरोरा ने सपरिवार विधिविधान से पूजा करायी एवं दीप जलाकर कर भजन सन्ध्या का शुभारम्भ किया। महन्त मनीष सलुजा एवं सहारनपुर से आए कथा वाचक श्री आचार्य देशमुख वशिष्ठ महाराज जी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। एक शाम बाँके बिहारी के नाम भजन संध्या में भजन गायक मास्टर बाबी एवं सुप्रसिद्ध रसिक गोपी शर्मा के भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। भजन गायक गोपी शर्मा एवं मास्टर बॉबी का मन्दिर के अध्यक्ष ओम् प्रकाश सलुजा ने फूलो का हार पहनाकर स्वागत किया। देर रात आरती के साथ भजन संध्या को विराम दिया गया। सभी भक्तों ने भक्ति भाव से भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या से पूर्व रविवार को दिन में विग्रह स्थापना, विग्रह प्राण प्रतिष्ठा एवं महिला संकीर्तन का कार्यक्रम भी हुआ। भजन इन कार्यक्रमों में मन्दिर के अध्यक्ष ओम प्रकाश सलुजा, भारत भूषण सोनू चुघ, बलदेव छाबड़ा, महेश छाबड़ा,अरविंद गुम्बर, विजय काक्के ,कृष्ण मिगलनी, सागर कालरा,दीपक कटारिया,विजय कक्कड़,अमित शर्मा,कमल काक्के, विवेक शर्मा,राज कुमार जांगडा,रवि कक्कड़,मनोज चावला,अजय कुमार, पारस गाबा,संजीव छाबड़ा, साहिल आनन्द,चिरंजीव पाण्डेय,अन्नू छाबड़ा, राजेश भट्ट,मनीष श्रीवास्तव, अमित रहेजा,रिंकु लम्भा ,अनिल भोला आनन्द ,विशाल कोहली,मोनू वर्मा विमल वर्मा,माधव शर्मा,राज कुमार भुड्डी, अजय कुमार आदि मौजूद थे। भजन संख्या में पहुंचने पर बाबा भक्त मंडल आदर्श कालोनी के विक्की मुंजाल, समाजसेवी संजय ठुकराल, भुवनेश अरोरा, शिवम तागरा,साहिल आहूजा आदि को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर साथ मे विनीत जैन, संजीव शर्मा,गगन ग्रोवर आदि भी थे।







# मुख्यमंत्री ने कुष्ठ आश्रम में वितरित किये कम्बल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को कुष्ठ आश्रम पहुॅचकर उत्तरायणी/घुघुतिया त्यौहार/मकर सक्रांति पर्व मनाया। भगवान सूर्य के उत्तरायण मे प्रवेश करने की सभी को शुभकामनाएं दी। भगवान सूर्य हम सभी पर कृपा करें, सभी के जीवन में अनन्त खुशियां, ऊष्मा, ऊर्जा, उमंग लाए। श्री धानी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। सबके बीच आकर बेहद खुशी हो रही है। भगवान सूर्य कर राशि में प्रवेश कर रहे है। इस दिन से अच्छे दिन की शुरूआत होती है। आपके बीच आकर स्वयं को भाग्यशाली मानता हू। भगवान सूर्य देव से प्रार्थना करते हैं की हमारे जीवन की कमियों को दूर करें। भगवान सूर्य हमें ऊर्जा, ऊष्मा, उत्साह एवं प्रकाश देते हैं। भगवान सूर्य हमारे जीवन में नव चौतना, उमंग, उत्साह लाये। समाज के अन्तिम पक्ति के व्यक्तियों तक



सरकार, शासन, प्रशासन पहुॅचें और पात्रों को योजनाओं का लाभ मिले। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने जरूरतमन्दों के लिए प्रभावशाली योजनाएं बनाई हैं। मलिन बस्तियों, अन्तिम छोर के व्यक्तियों के लिए योजनाएं चलाई हैं। कोरोना काल में नि:शुल्क टीका लगाने सहित जरूरतमन्दों तक अनाज पहुॅचाने का काम भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। इस दौरान उपस्थित 50 व्यक्तियों को कम्बल बांटे गये। आश्रम के प्रधान भगवान महाराणा जी ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा में निष्ठा पूर्वक कार्य किया जाये, लक्ष्य को प्राप्त करें और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ ऐंसे ही करते रहें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के कर्मों को ऑब्जर्वर रूपी ईश्वर सदा देखता रहेता है। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, कौस्तुभ मिश्रा सहित भारत भूषण चुघ, बिट्टू शर्मा, हरीश चौधरी आदि उपस्थित थे।

# पुलिस कर्मियों ने गोष्ठी में पढ़ाया यातायात के नियमों का पाठ

गदरपुर(उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत थानाध्यक्ष गदरपुर राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में उप निरीक्षक ओम प्रकाश, उप निरीक्षक गिरीश पंत व चीता मोबाइल , 112 मोबाइल में नियुक्त कर्मचारी गण द्वारा गदरपुर कस्बे में ई-रिक्शा, टेंपो व ट्रक यूनियन व अन्य स्थानीय निवासियों की गोष्ठी कर यातायात



सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा दुर्घटना के तत्काल बाद के समय का महत्व बताते हुए घायल व्यक्ति को शीघ्र अस्पताल ले जाने में बढ़ चढ़कर सहयोग करने के लिए जागरूक किया। गोष्ठी में सीएचसी गदरपुर से डा0 उपेन्द्र रावत द्वारा फर्स्ट एड के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# बाबा भूमन शाह की स्मृति में अखंड पाठ और विशाल भंडारा आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम राजपुरा नंबर 2 में मंदिर बाबा भूमन शाह परिसर में गुरद्वारा साहिब का वार्षिकोत सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर



पर पूर्व में रखे गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सात अखंड पाठों के भोग आयोजित किए गए। तत्पश्चात रागी जत्था एवं कथा वाचकों द्वारा श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु ग्रंथ साहिब और बाबा भूमन शाह तथा अन्य शहीदों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की गई। सेवादार भाई राकेश सिंह ने बताया कि भारत बंटवारे के उपरांत सन 1965 में क्षेत्र में पहुंचे कंबोज एवं अन्य एवं अन्य परिवारों द्वारा गुरुद्वारा एवं मंदिर की स्थापना की गई। माघ मास की सक्रांति के अवसर पर भारी समागम आयोजित किए गए जिसमें हजारों की गिनती में दूरदराज से आई संगत ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया श्रद्धालुओं द्वारा पूर्व में की गई अरदास के अनुसार मन्नत पूरी होने पर विभिन्न तरह के प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंह एवं उनकी टीम द्वारा गुरबाणी पाठ करने वाले तथा संगत को निशुल्क धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया तथा गुरबाणी पाठ करने का आह्वान करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर भगवानदास, टेक चंद कंबोज, किशन चंद कंबोज, हरभगवान, राकेश कंबोज, पूरन चंद , प्रीत कुमार , डॉ देशराज, रूपांश, आनंद कुमार ,सुनीता रानी ,नमो देवी ,रवीना रानी , राजरानी राजरानी, प्रकाश रानी ,प्रियंका, प्रवीणा ,सहित सहित तमाम संगत मौजूद रहे।

# सरकार की मिलीभगत से हो रहे पेपर लीकः सुमित्तर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रदेश की भाजपा सरकार की मिलीभगत से ही भर्ती घोटाले कर पेपर लीक किए जा रहे हैं। स्वराज आश्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने पत्रकार वार्ता



में भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार पर जमकर बोलते हुये कहा उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अब उत्तराखंड लीक आयोग बन चुका है। श्री भुल्लर ने कहा भर्ती घोटाले की तत्काल सीबीआई करवाई जाये। सरकार की मिलीभगत से परीक्षा पेपर लीक किया जा रहा। भर्ती घोटाले की जांच पूरी होने तक सभी परीक्षा रोकी जाये। उक्त प्रकरण की सीबीआई जाँच करवा कर गुनहगारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। यूथ काग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा धामी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश जाँच एजेंसियां भरोसे के काबिल नही है। इस दौरान काग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन गोविन्द बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज मलिक, विध ानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी, मोनू चौहान, राधा आर्या, आसिफ अली, नाजिम अंसारी, सचिन राठौर, शानू अल्वी आदि मौजूद थे।

# बसंतीपुर में धूमधाम से मनाई मकर सक्रांति



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मकर संक्रांति पर बसंतीपुर ग्राम में आयोजित पूजा में विधायक शिव अरोरा ने भगवान सूर्य की आराधना कर समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा मकर संक्रांति के अवसर पर रुद्रपुर विधानसभा अनेकों समाज द्वारा अपनी अपनी संस्कृति अनुसार मकर संक्रांति कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं उसके क्रम में बंगाली समाज द्वारा पूजा का आयोजन किया गया, विधायक शिव अरोरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को मकर सक्रांति की बधाई दी । इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट , जगदीश विश्वास, पवित्र ढाली, मनदीप वर्मा, मुकेश व अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया पॉली हाउस का निरीक्षण

सितारगंज(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर 15 विकासखंड सितारगंज के मकबरा फार्म क्षेत्र पहुंचकर पॉली हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पोली हाउस निर्माण की बारीकियों, पॉलीहाउस में ब्लू बेरी उत्पाद आदि से संबंधित विभिन्न विषयों पर तकनीकी जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने



जनपद में ब्लू बेरी उत्पादन से संबंधित संभावनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान कनेक्ट एग्रो लिमिटेड कंपनी के मैनेजर महेंद्र प्रताप ने बताया कि लगभग 90 एकड़ में पॉलीहाउस निर्माण की कार्य योजना है, जिसके अंतर्गत 9 एकड़ में पॉलीहाउस का निर्माण किया जा चुका है तथा ब्लूबेरी प्रोडक्शन हेतु बेबी प्लांट फ्रांस से मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि 45 एकड़ में टनल टाइम अंडर प्रोग्रेस है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा तथा उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, सीनियर एग्रोनॉमिस्ट धरमवीर, जूनियर एग्रोनॉमिस्ट राहुल आदि उपस्थित थे।

# खिलवाड़ कर रही डबल इंजन सरकार

## सरयू बगड़ में कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर किया कड़ा प्रहार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मकर संक्रांति के अवसर पर सरयू बगड़ में विभिन्न राजनीतिक दलों का दंगल हुआ। मुय विपक्षी दल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने राज्य और केंद्र में सत्तासीन भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यहां उत्तरायणी मेले में लगाये गये कांग्रेस पार्टी के वैचारिक मंच से भाजपा सरको कई मुददों पर घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं के साथखिलवाड़ हो रहा है। पेपर लीक और भर्ती घोटाले ने युवाओं को तोड़कर रख दिया है। प्रदेश में कई भाजपाई दर्जनों हाकम सिंह को पाले हुए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है। प्रदेश में विकासका दावा पूरी तरह से फेल हो गया है सड़कों पर गड्ढे होने से सड़के बदहाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जनपदों में दैवीय आपदा का खतराबना हुआ है और जोशीमठ में लोग बेघर हो रहे है। लेकिन अब तक कोई राहत पैकेज घोषित नहीं किया है। कहा कि धर्म के नाम पर सत्ता पर आने वाली भाजपा आज धर्म का अपमान कर रही है। राज्य में दो कानून चल रहे हैं। जनसभा को संबोधित करते हुए करन मेहरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से कई घोटाले हो रहे हैं,सुशासन की बात कहकर भ्रस्टाचार चरम पर है। मुख्यमंत्री धामी को उनके मंत्री ही सहयोग नहीं कर रहे हैं। कहा कि भाजपा ने विधानसभा कार्यालय समेत कई विभागों में भ्रष्टाचार के बल पर पुलिस, जेई आदि भर्ती में घोटाले करके अपने चहेतों की नियुक्ति की अब पटवारी घोटाले में भी भाजपा ने भ्रष्टाचार किया है तथा हाकम सिंह जैसे कई दलालों को शह दी जा रही है। उन्होंने एसएसएससी घोटाले में एस राजू की गिरफतारी नहीं कर पाई। एस राजू के सार्वजनिक बयान के बाद भी उनके बयान न लेना भाजपा की कार्यशैली दिखाता है। अंकिता हत्याकांड में भी उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। कहा कि धर्म के नाम पर सत्ता पर आने वाली भाजपा आज धर्म के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रधानमंत्री ने गत दिनों केदारनाथ दौरे के दौरान कई नियमों को तोड़कर धर्म को ठेस पहुंचाई है। प्रदेश में खनन व्यवसायी हावी हैं। खनन करोबिरियों को खनन करने में खुली छूट दी गई है, जबकि एनजीटी के मानकों सहित वन पंचायत भूमि पर भी खनन होने से नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने सेना को भी कमजोर किया है। सभा को जिलाध्यक्ष भगवत डसीला समेत विध ायक हरीश धामी, पूर्व विधायक रंजीत रावत, देवेंद्र परिहार, भरत फर्स्वाण, रंजीत दास, लोकमणि पाठक,कवि जोशी सुनील भंडारी, राजेंद्र परिहार, गीता रावल आदि ने संबोधित किया। संचालन जिपं अध्यक्ष गोपा धपोला ने किया।इस दौरान बबलू नेगी, भगवत रावल,आदि मौजूद थे।



# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का हो रहा चहुंमुखी विकास: अजय टम्टा

बागेश्वर(यशपाल कोरंगा)। भाजपा ने सरयू बगड़ में आयोजित राजनीतिक दलों के पंडाल में भाजपा को विश्व में सबसे बड़ा राजनीतिक दल बताया। सांसद अजय टम्टा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। कहा कि भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आगामी चुनावों में देश की सत्ता पुनः भाजपा को मिलेगी। भाजपाइयों ने मंच से कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का निर्णय लिया। मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपा ने पार्टी कार्यालय से नगर तक जलूस निकाला। इसके बाद सरयू बगड़ में जनसभा की। जनसभा में सांसद अजय टम्टा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जनता के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि आगामी पंचायत व लोकसभा चुनावों में भाजपा को पुनः सत्ता में बैठाने के लिए जनता आतुर है। जिला प्रभारी विरेंद्र बल्दिया व चमोली के प्रभारी एडवोकेट कुंदन परिहार ने कहा कि भाजपा के कार्यों के चलते विपक्षी दलों के पास कोई मुददा नहीं रह गया है तथा वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने भाजपा को विश्व का प्रमुख संगठन बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस का आगामी चुनावों में कोई नामलेवा नहीं रहेगा। सभा को पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम शाही व दीपा आर्या, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, सुंदर देव, मथुरा प्रसाद, खड़क टंगणियां, गिरीश परिहार,बलवंत टँगड़िया, पूरन रौतेला, खड़क सिंह दफौटी, आदर्श कठायत, एडवोकेट ललित दोसाद, त्रिलोक बुटोला, कपकोट के प्रमुख गोविंद दानू, गरूड़ की प्रमुख हेमा बिष्ट, बागेश्वर की पुष्पा देवी आदि ने संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार ने किया।



# देवभूमि पत्रकार यूनियन की गदरपुर कार्यकारिणी का विस्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के प्रतिष्ठित एक होटल में देवभूमि पत्रकार यूनियन के नगर इकाई अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पुनिया की अध्यक्षता में कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर बैठक आहूत की गई। गौरव एवं संगठन मंत्री मुकेश पाल की गरिमामयी उपस्थिति में बैठक की शुरूवात की गई।वही जिला सचिव गौरव बत्रा द्वारा बैठक का संचालन किया।बैठक में कार्यकारिणी विस्तार की रूपरेखा तैयार सांझा करते हुए निष्पक्ष एवं निडर पत्रकारिता किए जाने को लेकर अपने सुझाव को रखा जिस पर यूनियन के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाकर उनके सुझाव व निर्देशों की शिवम छाबड़ा, शाहनूर अली संगठन मंत्री राज कुमार शर्मा रिंकू प्रचार मंत्री देवेंद्र बाबा व सदस्य सुरेंद्र सागर को सदस्य का दायित्व सौंपा। देवभूमि पत्रकार यूनियन के संरक्षक राजेंद्र पाल सिंह राजू ,विनोद भुसरी





बैठक के दौरान नए सदस्यों का स्वागत किया गया वही संगठन से जुड़े पत्रकारों को आई कार्ड देकर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। देवभूमि पत्रकार यूनियन के जिला सचिव अभिषेक बत्रा कर नगर के वरिष्ठ समाज सेवी राजेन्द्र पाल राजू एवं विनोद भुसरी व संजीव डोडा को यूनियन का संरक्षक बनाया गया। तत्पश्चात संरक्षक गणों ने समाज की कृतियों एवं अपने जीवन के अनुभव को सराहना की। वही यूनियन का विस्तार करते हुए देवभूमि पत्रकार यूनियन के नगर अध्यक्ष इंदर जीत सिंह पूनिया द्वारा यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संजीव झाम,अमित तनेजा,रोहित सुदामा, उपाध्यक्ष व संजीव डोडा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। इस दौरान देवभूमि पत्रकार यूनियन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी नगर सचिव उमर अली सहित संगठन के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उक्रांद ने राष्ट्रीय दलों को कठघरे में किया खड़ा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल के शीर्ष नेता व पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी ने कहा है कि उक्रांद के पास ही राज्य के विकास की सोच है। कहा कि भाजपा व कांग्रेस को जब जब सत्ता मिली तो उसने घोटाले किए। उन्होंने कहा कि एक सांपनाथ तो दूसरा नागनाथ है। सरयू बगड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए उक्रांद के पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा हमेशा धन बल के सहारे चुनाव जीतती है तथा जब जिसके हाथ में सत्ता आती है वह जनता से छलावा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल की बात कहें या फिर भाजपा के कार्यकाल की जाय दोनों ही दलों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। विधानसभा समेत कई विभागों में अपने चहेतों को पैसे के बल पर नियुक्तियां दी गई। कहा कि कांग्रेस व भाजपा शासन में अपने समर्थक माफियाओं को ही बल मिलता है तथा आम जनता अपने हक हकूकों के लिए तरसती है। विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट डीके जोशी ने कहा कि प्रदेश में प्रारंभ से अब तक काबिज सत्ताओं के पास विकास की सोच ही नहीं रही जिससे राज्य में निरंतर महंगाई, कानून व्यवस्था बिगड़ती रही है। कहा कि प्रदेश में अफसरशाही हावी है। भुवन कांडपाल ने कहा कि राज्य का भला क्षेत्रीय दल ही कर सकता है कहा कि जिस तरह से उक्रांद ने राज्य आंदोलन व सोच को जन्म दिया वही राज्य का भला भी कर सकता है। इस दौरान मनोज जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष हीरा बल्लभ भटट,प्रकाश सिंह,हरीश चंद्र, रधुनंदन तिवारी, पूरन चंद्र, शंकर सिंह आदि ने संबोधित किया।

# कैरम प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोजगार के कई माध्यमों के साथ खेलों में भी बेहतर प्रतिभा प्रदर्शित कर युवा अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। यह बात डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेवी भारत भूषण चुघ ने संजयनगर खेड़ा में शुभम मंडल एवं माणिक मित्रा द्वारा श्री दुर्गा मंदिर परिसर संजय नगर खेड़ा में आयोजित संजयनगर कैरम प्रतियोगिता 2023 के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर अपने संबोधन में कहीं। केंद्र एवं राज्य सरकार खेल तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में देश के खिलाड़ियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सैकड़ों पदक जीतकर अपने परिवार, शहर, जिला, राज्य व देश का नाम गौरवान्वित किया। ऐसे खिलाड़ियों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा नगद ध नराशि से सम्मानित किया। ताकि अपनी खेल प्रतिभा को और निखारने में उनके समक्ष किसी भी तरह से आर्थिक परेशानियां न आएं। उन्होंने कहा प्रदेश में खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की भी बात कही है। जो प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाती हैं। श्री चुघ ने आयोजित कैरम प्रतियोगिता के विजेता आदर्श कालोनी निवासी केशव एवं सुखरंजन तथा उप विजेता संजय नगर निवासी माणिक व विक्की को ट्राफी प्रदान कर पुरुस्कृत किया। साथ ही मैन ऑफ द दीं। उन्होंने बताया कि करीब एक पखवाड़ा पूर्व प्रारंभ हुए इस टूर्नामेंट में आदर्श कालोनी, शिव नगर, दिनेशपुर, संजय नगर, पीलीभीत, शक्तिफर्म, स्वर्ग फार्म, नागौरिया, बिलासपुर आदि की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता आयोजन में



खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर होगा। श्री चुघ ने कहा कि डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी खेल प्रतिभाओं को आगे बढाने के लिए हमेशा कार्य करती रही है। जिसके लिए मैच केशव व मैन ऑफ द टूर्नामेंट विक्की को ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व टूर्नामेंट के आयोजक शुभम मंडल व माणिक मित्रा ने श्री चुघ का स्वागत कर उन्हें टूर्नामेंट के संदर्भ में कई जानकारियां विक्की,योगेश, तिलक, विश्वजीत, सूरज, गोलू व भवदेव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर अमित गौड़, पूरन पाण्डेय, दीपक राणा, विजय सागर सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# बैजनाथ उत्तरायणी मेले में कलाकारों ने मचाई धूम

गरुड़ (उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध बैजनाथ धाम में उत्तरायणी मेले का रंगारंग आगाज हो गया है। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश कर मेलार्थियों को थिरकने को मजबूर कर दिया। बैजनाथ में मेले का शुभारंभ युवा समाजसेवी संजय फर्सवाण ने किया। उन्होंने कहा कि मेले मेल–मिलाप के प्रतीक होते हैं। उन्होंने कहा कि अगले साल से मेले को और भी भव्य बनाया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए मेला समिति के अध्यक्ष नवीन ममगाई ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर जै नंदा सुनंदा सांस्कृतिक मंच बागेश्वर के कलाकारों और लखनी गांव की लोक गायिका कमला देवी ने त्येरि गुलाबी साड़ी बसंती.. आदि गीत सुनाकर खूब तालियां बटोरी। संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान मेला संरक्षक गोपाल सिंह नेगी, मेलाध्यक्ष नवीन ममगाई, महासचिव दीवान आर्य, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, संगठन मंत्री विनोद पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी, बैजनाथ मंदिर के पुजारी त्रिलोक गिरी गोस्वामी, प्रकाश गोस्वामी, कैलाश चंद्र जोशी, केदार दत्त भट्ट, आनंद बिष्ट आदि मौजूद थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# टीवी चैनलों की विश्वसनीयता

संवाद और संचार माध्यमों में आधुनिक तकनीकी के बढ़ते प्रयोग के साथ होना यह चाहिए था कि इस क्षेत्र में विषयों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता मजबूत होने के साथ-साथ इसे प्रस्तुत करने वालों के बीच जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ती। लेकिन आम जनता और सत्ता के बीच कड़ी के रूप में काम करने वाले समाचार माध्यमों में टेलीविजन चैनलों का प्रभाव जैसे-जैसे बढ़ा है, वैसे-वैसे इस जिम्मेदारी को लेकर कोताही बढ़ी है। आज हालत यह है कि टीवी चैनलों पर खबरों के प्रस्तुतिकरण और उनके प्रस्तुतकर्ताओं की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। इन दृश्य माध्यमों के मंचों पर पत्रकारिता के बुनियादी मूल्यों और जिम्मेदारियों की अनदेखी करके नफरत केंद्रित विचारों को जिस तरह जगह मिल रही है, वह चिंताजनक है।गौरतलब है कि नफरत भरे बयान के एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टीवी चैनलों के काम करने के तरीकों लेकर गहरी चिंता जताई और कहा कि घृणा भाषण एक खतरा बन गया है, उसे रोकना होगा। अदालत ने कई स्पष्ट टिप्पणियां कीं जो एक तरह से दृश्य माध्यमों के प्रभाव के मद्देनजर उसकी भूमिका को कठघरे में करती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ लहजे में कहा कि आजकल टीवी चैनल प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। अगर कोई टीवी समाचार एंकर नफरत फैलाने वाले भाषण के प्रचार की समस्या का हिस्सा बनता है तो उसे क्यों नहीं हटाया जा सकता। अदालत ने इस ओर भी ध्यान दिलाया कि प्रिंट मीडिया के विपरीत समाचार चैनलों के लिए कोई भारतीय प्रेस परिषद नहीं है। सवाल है कि आखिर यह स्थिति क्यों आई कि इस मसले पर देश की शीर्ष अदालत को फिक्र जाहिर करने की जरूरत पड़ रही है। अदालत की पीठ ने यह भी कहा कि अगर नफरत फैलाने में जिम्मेदार समाचारों के प्रस्तुतकर्ता या एंकर या उनके प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तब सभी लाइन में आ जाएंगे। इसके अलावा, दिल्ली में आयोजित हुए धर्म संसद में भड़काऊ भाषण के मामले में भी शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ ने दिल्ली पुलिस से सख्त सवाल पूछे कि अब तक जांच कहां पहुंची और कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया।सौहार्द को बाधित करने वाले नफरती या भड़काऊ भाषणों को लेकर अदालत की चिंता समझी जा सकती है। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक अहम पहलू है। लेकिन अगर किसी बयान को सनसनी बना कर पेश करने से समाज और देश में सौहार्द के उलट नफरत का माहौल बनता है तो ऐसी अभिव्यक्ति की कीमत क्या होगी। यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ समय से टीवी चैनलों पर होने वाली बहसें किसी मुद्दे को स्पष्ट करने और हल की राह निकालने के बजाय महज सनसनी फैलाने और संकीर्ण आग्रहों के आधार पर ध्रुवीकरण करने का वाहक बनती गई हैं। विडंबना यह है कि ऐसे कार्यक्रमों के लिए किसी संचालक या संबंधित टीवी चैनल के प्रबंधकों की जिम्मेदारी नहीं तय की जाती। दूसरी ओर, अखबार या पत्रिका जैसे प्रिंट माध्यमों में समाचार या किसी भी सामग्री की प्रस्तुति पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर उन्हें रोकने के लिए बाकायदा भारतीय प्रेस परिषद जैसी संस्था है। दरअसल प्रिंट माध्यमों में आज भी जिस तरह की जवाबदेही की भावना मौजूद है, वह टीवी चैनलों में कम देखी जाती है। जबकि डिजिटल माध्यमों में किसी खबर या बहस की प्रस्तुति के प्रभाव की तीव्रता ज्यादा होती है। अफसोस की बात है कि समय के साथ शक्तिशाली होते टीवी चैनलों में प्रभाव डालने की क्षमता के समांतर अपेक्षित गंभीरता और संवेदनशीलता की कमी होती गई है। इसलिए इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है, उसे आईना मान कर सुधार पर गौर करने की जरूरत है।

# लोहड़ी पर की सुख समृद्धि की कामना

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोहड़ी पर्व एवं मकर सक्रांति धूमधाम से मनाया गया। ज्ञान विहार कॉलोनी में पूर्व सभासद और आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी विनोद भुसरी के नेतृत्व में कई परिवारों ने मिलकर लोहड़ी पर्व के संध्याकाल में विधिवत पूजा अर्चना के साथ लकड़ियों के ढेर में अग्नि प्रज्वलित करते हुए परिक्रमा कर प्रसाद अर्पित किया , जिसमें देसी घी ,तिल, गुड़ मक्का



के फुल्ले , रेबड़ी आदि अग्नि में डालते अर्पित किया गया। साथ ही लोगों को रेवड़ी फुले मूंगफली आदि प्रसाद का वितरण भी किया। विनोद भुसरी ने बताया कि सैकड़ों वर्षों से पंजाबी समाज द्वारा अपने परिवार की चढ़दी कला एवं सुख शांति समृद्धि के लिए लोहड़ी का त्यौहार मनाया जाता है तथा भयंकर सर्दी के उपरांत ठंड से बचाव की कामना की जाती है उन्होंने सभी को लोहड़ी एवं मकर सक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर राजेंद्र अनेजा, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जितेंद्र पाल बजाज, कृष्ण लाल सुधा,नीटू सुखीजा, गुलशन छाबड़ा ,प्रदीप भुड्डी, सतीश दुआ ,कल्याण छाबड़ा, सतीश भुड्डी ,प्रमोद बजाज, मनोज आहूजा ,टिंकू अनेजा ,राकेश छाबड़ा ,ऋषि भुसरी, मुनि भुसरी आदि लोगों ने लोहड़ी के उत्सव को बहुत धूमधाम से मनाया।

# भाजपा सरकार में युवाओं के साथ धोखा: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)।अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने पटवारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने पर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को संभालने में असमर्थ साबित हो चुकी है। पपनेजा ने कहा कि किसी भी परीक्षा को देने के लिए युवा बरसों से उसकी तैयारी करता है वह इस दिन का इंतजार करता है लेकिन भाजपा सरकार की हीला हवाली के चलते प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा हुआ है और युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।पपनेजा ने पटवारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने पर राज्य की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है उन्होंनेकहा कि राज्य की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है अपराधियों का बोलबाला है इसका उदाहरण हमें कई घटनाओं में देखने को मिला है व अपराधी खुलेआम बेखौफ घूम रहे हैं। पपनेजा ने कहा कि सरकारी तंत्र व अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है। उसे राज्य सरकार का किसी प्रकार का कोई डर नहीं है।पपनेजा ने कहा कि राज्य सरकार के कारण ही



युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है उसके सपने चकनाचूर हो गए हैं। पपनेजा ने कहां की युवा व उनके परिवार भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती हुई महंगाई को झेलने में असमर्थ है और उसके बाद इस प्रकार इस तरह के प्रकरण से युवा बिल्कुल टूट गया है उसके सामने अपने परिवार को चलाने का संकट खड़ा हो गया है। पपनेजा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार भर्ती घोटालों और पेपर लीक होने की सरकार हो चुकी है आने वाले समय में प्रदेश का युवा कभी भी उसको माफ नहीं करेगा और प्रदेश के युवाओं ने भाजपा की इस तरह का चार भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लियाहै।

# रानीधारा सड़क में अविलम्ब डामरीकरण न किया गया तो होगा आंदोलन: कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रैस को जारी एक बयान में उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि नगर का



मुख्य मार्ग रानीधारा वर्षों से बेहद खराब स्थिति में लेकिन इसकी दशा सुधारने के लिए न ही सम्बन्धित विभाग और न ही जनप्रतिनिधि सुध ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों से दो माह पूर्व रानीधारा सड़क का पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष/तत्कालीन भाजपा विधायक द्वारा भूमिपूजन तक कर दिया गया था,तब जनता को लगा कि अब इस सड़क के दिन सुधर जाएंगे,लेकिन ये भूमिपूजन मात्र एक चुनावी स्टंट साबित हुआ।श्री कर्नाटक ने कहा कि रानीधारा सड़क जो नगर का मुख्य लिंक मार्ग है जो आज अपनी बदहाल स्थिति में है।आलम यह है कि दोपहिया वाहन चालक एवं पैदल यात्री भी इस सड़क के गड्ढों के कारण चोटिल हो चुके हैं।इस सड़क में मिट्टी एवं गड्ढों के अलावा कुछ रह नहीं गया है। उन्होंने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि इस सड़क के सुधारीकरण एवं डामरीकरण की कोई बात तक नहीं कर रहा।वर्षों से केवल यह सुना जा रहा है कि इस सड़क के डामरीकरण का टेंडर हो गया है,लेकिन ये टेन्डर सिर्फ सफेद हाथी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर बच्चों के विद्यालय स्थित हैं। सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन इस सड़क से आवागमन करते हैं ,लेकिन सम्बन्धित विभाग को इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि एक बारिश में यह सड़क कीचड़ के तालाब में बदल जाती है जिससे स्थानीय जनता का इस सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। श्री कर्नाटक ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक माह के भीतर सम्बन्धित विभाग ने रानीधारा मार्ग (साई मन्दिर से धार की तूनी) के डामरीकरण/सुधारीकरण के कार्य का टेण्डर कर कार्य प्रारम्भ नहीं किया तो वे सम्बन्धित विभाग के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से व्यापक जन आन्दोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित विभाग की होगी। श्री कर्नाटक ने कहा कि अधिकारियों की भी शायद आदत हो गयी है कि जब तक उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन,जन आन्दोलन ना किया जाए तब तक उनके कानों में जूं नहीं रेंगती।उन्होंने कहा कि विभागोंके अधिकारियों की इस भ्रष्ट कार्यशैली के कारण आम जनता को परेशानियां झेलनी पड़े इसे वे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। अधिकारी या तो अपनी कार्यशैली बदलें या व्यापक जन आन्दोलन के लिए तैयार रहें।




# गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार का गुरबाणी कीर्तन के साथ शुभारंभ

गदरपु(उद संवाददाता)महतोष मोड़ के नावनिर्मित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार के शुभारंभ के मौके पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ के भोग आदि शब्दों के साथ धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कथावाचक भाई जसवीर सिंह ,भाई राजेंद्र सिंह, कश्मीर चंद एवं देवेंद्र सिंह द्वारा हरी जस गायन चलने की अपील की। इस दौरान गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर के जत्थेदार बाबा अनूप सिंह, सरदार मथेल सिंह गुंबर ,सरदार संता सिंह, हुकम कौर के अंतिम वचनों को पूरा करते हुए गुरुद्वारा साहिब का निर्माण करने का संकल्प लिया था जिसे पूरा करने के लिए वाहे गुरु की कृपा से असीम संतोष मिला लंगर की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही गुरु इतिहास एवं सिख धर्म संबंधी सिद्धांतों को जानने के लिए ध ार्मिक पुस्तकों की लाइब्रेरी भी स्थापित जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर, एवं पत्रकार महेंद्र पाल सिंह द्वारा विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में संकल्प पत्र भरने के कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया।





के उपरांत भारी गुरमत दीवान और गुरु के लंगर आयोजित किया गया। गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार महतोष मोड में गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किए गए गया जिसमें सहज पाठ के भोग के उपरांत गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज के रागी भाई हरजीत सिंह के जत्थे ने आनंद भया मेरी माए सतगुरु मैं पाया करके श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आदर्शों पर चलते हुए गुरु वाले बनने के लिए सभी संगत से अमृत पान करने का आह्वान किया। उन्होंने अपनी बोलचाल की भाषा में गुरमुखी पंजाबी को प्रचार प्रसार के लिए एक अच्छा माध्यम बताया। कवित्री सरबजीत कौर कविता के माध्यम से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के उपदेशों पर चलकर सिखी मार्ग पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, प्रीत ग्रोवर एवं कार्यक्रम संचालक प्रीतम सिंह चावला को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा निर्माण के लिए तन मन धन से समर्पित रहकर सेवा करने वाले ग्राम रतनपुरी निवासी सरदार बलकार सिंह ,कृपाल सिंह एवं नौनिहाल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय सरदार राम सिंह गुंबर एवं माता उन्होंने बताया उनके माता-पिता के संकल्प को पूरा करने के लिए उनको कई वर्षों तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब और संगत का धन्यवाद करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की वही सरदार बलकार सिंह ने बताया कि महतोष मोड़ पर गुरुद्वारा साहिब के निर्माण से दूरदराज से समय-समय पहुंचने वाली संगत को रात्रि विश्राम एवं की गई है जिसमें श्रद्धालुओं को निश्चित समय के लिए पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रदान की जाएंगी। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में नेत्रदान के संकल्प पत्र बनाए जाने के लिए भी शिविर लगाया गया जिसमें 25 लोगों द्वारा नेत्रदान का संकल्प करते हुए फार्म भरे गए जिसमें ग्राम मकरंदपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती एवं आंगनवाडी यूनियन की कार्यक्रम के समापन पर ग्रंथी भाई कृपाल सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास के साथ श्बोले सो निहाल सत, श्री अकाल का जयकारा बुलाते हुए शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस मौके पर सरदार सिंह ,जरनैल सिंह काली ,राजेंद्र सिंह मक्कड़, बलवीर सिंह, राजेश बजाज धर्मेंद्र सिंह, मनजीत सिंह सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे।

# माले का जोशीमठ प्रभावितों के लिए धरना प्रदर्शन 19 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाकपा(माले) नैनीताल जिला कमेटी बैठक की बैठक कार रोड बिंदुखत्ता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कामरेड राजा कार्ययोजना बनाने में अब तक नाकाम साबित हुई है। इसलिए केन्द्र सरकार को जोशीमठ का मामला सीधे अपनी निगरानी में लेते हुए जोशीमठ के समग्र, उचित और



बहुगुणा ने कहा कि जोशीमठ को बचाने के लिए जोशीमठ संघर्ष समिति के संघर्ष के साथ पार्टी एकजुटता प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जोशीमठ के लिए कोई भी सम्मानपूर्ण पुनर्वास की गारंटी करनी चाहिए। उन्होंने कहा आगामी 1 फरवरी को खत्ता वासियों, वनवासियों, गुर्जरों की हल्द्वानी में विशाल रैली आयोजित की जायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया जोशीमठ की जनता के साथ एकजुटता में भाकपा माले द्वारा आगामी19 जनवरी को पूरे प्रदेश में ध रना प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। नैनीताल जिले में हल्द्वानी में बुद्ध पार्क व नैनीताल में धरना प्रदर्शन होगा। इस मौके पर 15-20 फरवरी को पटना में होने वाले भाकपा माले के ग्यारहवें राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी और कई जरूरी निर्णय लिए। बैठक में कैलाश पांडे, बहादुर सिंह जंगी, कैलाश जोशी, दुर्गा सिंह मेहता, पुष्कर दुबड़िया,भुवन जोशी, आनंद सिंह सिजवाली, नैन सिंह कोरंगा, किशन बघरी, कमल जोशी, निर्मला शाही, धीरज कुमार, आनन्द दानू मौजूद रहे।

# विधायक ने लाभार्थियों को वितरित किये चेक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विध ायक शिव अरोरा ने महतोष में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता चैक वितरित किये। इस दौरान मकरंदपुर, आनंदखेड़ा, अरोरा सदैव उनके साथ खड़ा है, और निश्चित रूप से आगे भी हर जरूरतमंद व्यक्ति को उनके संकट के समय हर प्रकार से मदद मिले इसके लिये सदैव प्रयास किया जायेगा। विध का निर्णय हर गरीब के लिये एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। विधायक ने कहा आने वाले समय मे अन्य क्षेत्रों के लोगो को भी आर्थिक सहायता चौक बाटे जायेगे। इस दौरान जिला महामंत्री



बरीराई , नारायणपुर दोहरिया,पिपलिया नं.1, राधाकांतपुर,मोतीपुर क्षेत्र के 26 लोग लाभान्वित हुए। विधायक अरोरा ने कहा हर गरीब हर निर्धन की सहायता हेतु प्रदेश की धामी सरकार और रुद्रपुर की जनता का सेवक शिव ायक ने कहा हमारी सरकार चाहे वो देश मे हो या प्रदेश में सदैव गरीबकल्याण के संकल्प के साथ कार्य करती आ रही है ,वही देश के प्रध ानमंत्री द्वारा इस वर्ष दिसम्बर माह तक फ्री राशन की योजना को जारी रखने अमित नारंग, ग्राम प्रधान नबी जान, प्रीत ग्रोवर, जगदीश विश्वास, ठाकुर विश्वास, परितोष, नेपाल विश्वास, सुभाष मण्डल, दिलीप मंडल,सपन मिस्त्री, महादेव विश्वास, शिवहरि, विष्णु मण्डल आदि लोग मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**गणतंत्रदिवसपर..**प्लान फेल हुआ तो जी 20 समिट पर बड़ी आतंकी स्टाइक दिल्ली में करने का प्लान है। आईएसआई ने इस बार दिल्ली और पंजाब को टारगेट करने के लिए रोहिंग्या और दो बांग्लादेशी संगठन अंसार उल बंगला और जमात उल मुजाहिदीन का इस्तेमाल कर सकता है। सुरक्षा एजेंसियों के अलर्ट में कहा गया है कि पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने पर इसके लो प्रोफाइल विंग वापस सक्रिय हो सकते है और वो एक स्लीपर सेल की तरह गोरिल्ला अटैक कर सकते हैं। यह भी कहा गया है कि सिख टेरर ग्रुप बड़ी टेरर स्टाइक को दिल्ली और पंजाब में अंजाम दे सकते है। सुरक्षा एजेंसियों ने दल खालसा और वारिश पंजाब पर कड़ी नजर रखने को भी कहा ये दोनों संगठन देश का माहौल खराब की पुरजोर कोशिश में जुटे हैं। फिलहाल आइबी के इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयी हैं।

**ओटीपी बताते...**के रूपये 50,000 भी कट गये। इसके अतिरिक्त उसके मोबाइल पर आये मैसेज को देखने से पता चला कि उसके इसी एकाउण्ट से उसके ही नाम से दो अन्य क्रेडिट कार्ड भी आवंटित करा लिये गये है । सैलरी एकाउण्ट खाते की स्टेटमेण्ट लेने पर ज्ञात हुआ कि उसके एक कार्ड से 24 दिसम्बर 2022 को 45,620 रूपये व दूसरे कार्ड से 25 दिसम्बर 2022 को 9,300, 47691, 46751 रूपये की शापिंग की गयी है । पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्कैप कारोबारी से ..**को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अली अनवर ने कहा कुछ फिरकापरस्त लोग मुल्क के अंदर डर का माहौल पैदा कर रहे हैं। सरकार ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें जो देश में सांप्रदायिक माहौल खराब कर एक दूसरे को लाने का काम कर रहे हैं। अली अनवर ने कहा कि अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में तत्काल कार्यवाही नही की गई तो जमीयत उलमा हिंद की काशीपुर यूनिट का प्रतिनिधि मंडल मौलाना जियाउर्रहमान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के हाई कमान योगी आदित्यनाथ से मिलकर मामले को ऊपर ले जाने का काम करेगा। बैठक में मौलाना शाकिर ,मोहम्मद अहमद, मौलवी वसीम, मौलवी यूनुस, महबूब हुसैन, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद जावेद, आदि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे।

**चिकित्क से आनलाईन..**हेतु बोला गया। पंतजलि योग पीठ की ख्याति के दृष्टिगत उसने उक्त धनराशी बैंक के माध्यम से जमा कर दी गई। चिकित्सक का आरोप है उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा कंप्यूटर संसाधनों का प्रयोग करते हुए उसके साथ 67500 रूपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सट्टे की ..**वार्ड 22 बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से सट्टा पर्ची, कुल 2810 रूपये नगद व अन्य सामान बरामद किया। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर सागर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर द्वारा 15 और 16 जनवरी को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सहकारी चीनी मिल के खेल मैदान किच्छा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ किच्छा के पूर्व राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक शुक्ला ने उपस्थित युवा प्रतिभागियों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी तथा नेहरू युवा केंद्र में भारत सरकार की इस तरह के खेल आयोजन कराए जाने के लिए धन्यवाद किया। जानकारी देते हुए नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत जनपद उधम सिंह नगर के सभी विकास खंडों से आए लगभग एक सौ से ज्यादा खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए उन्होंने बताया कि सभी



प्रतियोगिताएं नॉकआउट आधार पर संपन्न की गई तथा अंत में सभी विजेताओं को विभाग की ओर से मोमेंटो,मेडल एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर भारतीय युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेक राय तथा नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सर्वेश्वर, शुभम ,मनीष ,जैकी ,संगीता, विभा, मुस्कान ,ज्योति, मधु, पवन, लक्ष्मी,पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक भुवन तिवारी और महिपाल शामिल रहे।

# अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। चौखुटिया पुलिस ने चैकिंग के दौरान स्कूटी में 10 हजार रुपये की अवैध अग्रेजी शराब के साथ 1 व्यक्ति को किया गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर नशा विरोधी अभियान के तहत द्वाराहाट रोड पर पुलिस ने निर्माणाध ीन पेट्रोल पम्प के पास वाहन स्कूटी संख्या- यू0के0-07 एफ0सी0-0937 को रोककर चैक किया तो प्रेम सिंह कन्याल पुत्र नारायण सिंह कन्याल निवासी ग्राम बगड़ी चौखुटिया के कब्जे से 9 बोतल व 16 पव्वे अवैध अग्रेजी शराब बरामद की गयी। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए वाहन स्कूटी को सीज कर थाना चौखुटिया में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष चौखुटिया दिनेश नाथ महन्त ने बताया कि अभियुक्त शराब को ठेके से अलग अलग खरीद कर अपने गाँव में लोगों को थोड़ा थोड़ा करके बेच कर अधिक लाभ प्राप्त करना चाहता था।



# भर्तियों में भ्रष्टाचार के दोषियों की संपत्ति जब्त करेगी सरकार

देहरादून। उत्तराखंड में भर्तियों की परीक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार द्वारा शीघ्र ही एक सख्त नकल विरोधी कानून लाया जाएगा, जिसमें दोषी को उम्रकैद तक की सजा का प्रविधान किया जाएगा। कैबिनेट बैठक में सरकार ने सख्त कार्यवाही के सकेत दिये है। साथ ही इस कार्य में अर्जित की गयी संपत्ति को भी जब्त किया जाएगा। राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा लेखपाल की परीक्षा को दोबारा आयोजित किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में इसके लिए आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन नहीं करना होगा। न ही इसके लिए कोई फीस देनी होगी। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में अभ्यर्थियों को किराया नहीं देना होगा, अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र ही उनका बसों में टिकट माना जाएगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
MICROWAVE OVEN
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
IndusInd Bank
YES BANK
citi
HDFC BANK
AMERICAN EXPRESS
AXIS BANK
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)